हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

सी0बी0सी0एस0 द्वितीय (II) सेमेस्टर को छोड़कर IV, VI, VIII एवं X सेमेस्टर/वार्षिक (मुख्य/व्या0)
परीक्षा आवेदन–पत्र (मुख्य एवं अंकसुधार) 2020–21

एदतद्वारा परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य/व्यावसायिक एवं अंकसुधार परीक्षाओं में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि द्वितीय (II) सेमेस्टर को छोड़कर IV, VI, VIII एवं X सेमेस्टर की परीक्षा **दिनांक 20, अगस्त 2021** से आयोजित होनी है, जिस हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरे जायेंगे। छात्र–छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hnbgu.ac.in/online.hnbgu.ac.in पर लॉगइन (Login) कर परीक्षा आवेदन फॉर्म **दिनांक 22 जुलाई 2021 से 05 अगस्त 2021** तक अवश्य रूप से भर दें।

छात्र–छात्रायें अपने आवेदन पत्र **दिनांक 10 अगस्त 2021** तक आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क के प्रिंट की प्रति सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/ निदेशक/प्राचार्य को डाक/E.Mail/WhatsApp के माध्यम से प्रेषित करें। तत्पश्चात महाविद्यालय/संस्थान/परिसर छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक 14 अगस्त 2021 तक** विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।

प्रत्येक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वे परीक्षा आवेदन पत्र में केवल अपना ही मोबाइल नम्बर एवं मेल आईडी अंकित करें, ताकि परीक्षा सम्बन्धी जानकारियाँ उक्त को उपलब्ध करायी जा सकें।

यदि किसी छात्र/छात्रा को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर से सम्पर्क करें अथवा डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर की मेल आईडी hnbgudpu@gmail.com पर पत्राचार कर समाधान पा सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

दिनांक 20/07/2021

पत्रांकः हे0न0ब0ग0वि0वि0/परीक्षा/2021/2413

प्रतिलिपिः

1. सम्पादक, दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि छात्र हित में उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार–पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करें।
2. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक विश्वविद्यालय परिसर/प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक 14 अगस्त 2021 तक** विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. प्रभारी, मान्यता को इस आशय से प्रेषित कि कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं संस्थानों की पाठ्यक्रम एवं स्वीकृत सीटों की अद्यतन सूची उपलब्ध करने का कष्ट करें।
4. कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि उक्त तिथिवार परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु ऑनलाइन करने का कष्ट करें।
5. अनुभागीय अधिकारी एवं प्रभारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्पापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
6. वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव (मुख्य परीक्षा)/प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून/प्रभारी, अति गोपनीय के सूचनार्थ प्रेषित।
7. परीक्षा नियंत्रक मुख्य/व्यावसायिक परीक्षा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर प्रसारित करें।
9. निजी सचिव कुलसचिव–गाईफाइल में संकलनार्थ प्रेषित।
10. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय– माननीय कुलपति महोदया जो के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।